हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

06 जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह...



07 कुएं में वाहन गिरा, बहू और कार में बैठे लोग बाल-बाल बचे





## नगर के इवेंट

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**गुना ।** गुना जिले के जनपद पंचायत गुना अंतर्गत ग्राम पंचायत विनायकखेड़ी में दिनांक 19 अप्रैल 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का गरिमामय एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 92 जोड़ों का विवाह तथा 01 जोड़े का निकाह विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य उपस्थित रहे। उनके साथ शधर्मेन्द्र सिकरवार (जिला अध्यक्ष), चंद्रप्रकाश अहिरवार (जिला महामंत्री), संतोष धाकड़ (जिला सदस्य एवं जिला महामंत्री), मुनेश धाकड़ (मण्डल अध्यक्ष), अंकुर श्रीवास्तव (मीडिया प्रभारी), ी संजीव धाकड़ (जनपद सदस्य), श्रीमती सुकली बाई (सरपंच, विनायकखेड़ी) एवं वीर सिंह धाकड़ (पूर्व सरपंच, विनायकखेड़ी) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विवाह की सभी रस्में पंडित शास्त्री ललित शर्मा द्वारा विधिवत एवं श्रद्धापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा आगंतुकों एवं अतिथियों के लिए भोजन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की गईं।कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी की सक्रिय सहभागिता एवं समन्वय के परिणामस्वरूप कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### भगवान परशुराम की शहर में शोभायात्रा निकाली, कांग्रेस जनों ने किया स्वागत




**गुना ।** रविवार को भगवान परशुराम जी जयंती के शुभ अवसर पर शहर में भगवान परशुराम की शोभा यात्रा शहर गुना में निकली। जगह - जगह भगवान परशुराम जी की पूजा, अर्चना,आरती की गई एवं शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं तुलसी मसाला उद्योग के संचालक विश्वनाथ तिवारी ने पुरानी गल्ला मंडी में सर्व शीतल जल, पोहा जलेबीस, अंगूर, कैलाश का प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान चौराहा पर राजेंद्र तिवारी के नेतृत्व में लस्सी एवं नाश्ते,,शीतल जल की व्यवस्था की गई । इस अवसर पर समाज जन एवं कांग्रेस जनों ने भी शोभा यात्रा का स्वागत किया जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस जनों में कैलाश नारायण भार्गव, हरिशंकर विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, रजनीश शर्मा अध्यक्ष शहर कांग्रेस गुना , ओम प्रकाश शर्मा,शेखर वशिष्ठ प्रतिपक्ष नेता नपा गुना, राजेंद्र तिवारी, आलोक नायक,रामजीवन भार्गव,मनोज शर्मा, रणवीर सिंह कुशवाह अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शहर 1गुना,असीम भटनागर भगवान सिंह अहिरवार, पर्वत सिंह राणा, राजू जाटव पार्षद प्रतिनिधि,भगवान लाल बरेले, नरेंद्र कुशवाह (गुरु) उपस्थित थेप।

### जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान नियम उल्लंघन पर 7,000 का जुर्माना

**गुना ।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में विभिन्न स्थानों पर चेक प्वाइंट स्थापित कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों के पालन की जांच की गई।
चेकिंग के दौरान कई वाहनों के चालकों द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत न कर पाने, निर्धारित यूनिफॉर्म का पालन न करने सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों में कमी पाई गई। साथ ही वाहनों में फायर सेफ्टी उपकरण, पैनिक बटन एवं सेफ्टी किट की भी जांच की गई।नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 7,000 (सात हजार रुपये) का जुर्माना वसूला गया। जिला प्रशासन द्वारा वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके।

### 6 वारंटों में लंबे समय से फरार वारंटी को गिरफ्तार किया

**गुना।** कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा और उनकी टीम द्वारा मारपीट के अलग-अलग प्रकरणों में जारी 06 वारंटों में लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है ।
गौरतलब है कि आरोपी अर्जुन पुत्र कपूरचंद राठौर निवासी रशीद कॉलोनी गुना के विरुद्ध गुना कोतवाली में 1-अप.क्र. 103/19 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि, 2-अप.क्र. 173/19 धारा 341, 323, 294, 506 भादवि, 3-अप.क्र. 828/20 धारा 323, 294, 506 भादवि, 4-अप.क्र. 1023/20 धारा 323, 324, 294, 506 भादवि, 5-अप.क्र. 187/21 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि एवं 6-अप.क्र. 23/22 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हुए थे ।

## सियासी कट्टरता की खौफनाक सजा: भांजे की हत्या पर दो मामाओं को उम्रकैद

### तेजस्वी के समर्थक भांजे को कीचड़ में डुबोकर मारने वाले मामाओं को उम्रकैद, बिहार चुनाव की बहस बनी जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या प्रकरण में जिला अदालत ने सख्त फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दी है। महज पांच माह में ट्रायल पूरा करते हुए अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि राजनीतिक बहस के नाम पर की गई हिंसा को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में दोनों दोषियों पर एक-एक हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

यह घटना 16 नवंबर की रात की है, जब बिहार के शिवहर जिले के रहने वाले तीन युवक गुना में मजदूरी कर रहे थे। राजेश मांझी, तूफानी मांझी और उनका भांजा शंकर पुलिस लाइन में निर्माणाधीन क्वार्टर्स में काम करते थे। घटना वाली रात तीनों ने साथ में खाना





खाने के बाद शराब पी, इसी दौरान बिहार चुनाव को लेकर बातचीत शुरू हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।

बताया गया कि राजेश और तूफानी जहां एक राजनीतिक दल के समर्थक थे, वहीं शंकर दूसरे दल के पक्ष में था। नेताओं को लेकर हुई तीखी बहस के बाद दोनों आरोपियों ने शंकर के साथ मारपीट शुरू कर दी।

विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने उसे पास ही कीचड़ में गिराकर उसका मुंह दबा दिया, जिससे सांस रुकने और कीचड़-पानी अंदर जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मामले की जांच पुलिस ने तेजी से की और अगले ही दिन दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान एक अहम सबूत सामने आया, जब आरोपियों के नाखूनों में फंसी त्वचा का डीएनए परीक्षण कराया गया, जो मृतक से मेल खा गया। हालांकि सुनवाई के दौरान कई गवाह अपने बयानों से मुकर गए, लेकिन वैज्ञानिक साक्ष्य ने पूरे मामले को मजबूत बना दिया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र की अदालत में 24 जनवरी से सुनवाई शुरू हुई थी, जिसे महज पांच महीने में पूरा कर लिया गया। 18 अप्रैल को सुनाए गए फैसले में अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### हवाई पट्टी से हनुमान चौराहे तक बनी सीसी रोड कोऑटो-ठेले वालों ने बना दिया सराय

## कैंट क्षेत्र की नई सड़क पर कब्जा, जनता जाम में पिस रही





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त सड़कों में शामिल हवाई पट्टी से हनुमान चौराहे तक कैंट क्षेत्र में बन रही सीसी रोड आम जनता के लिए राहत बनने से पहले ही नई मुसीबत का कारण बन गई है। सड़क का एक हिस्सा लगभग तैयार हो चुका है, जबकि दूसरी साइड पर निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में दोनों तरफ के ट्रैफिक के लिए फिलहाल केवल एक ही साइड का रास्ता बचा है, लेकिन उस पर भी ऑटो चालकों, ट्रैक्टर चालकों और सब्जी ठेला संचालकों ने कब्जा जमा लिया है।

स्थिति यह है कि हनुमान चौराहे के पास से लेकर लूसन बगीचा क्रॉसिंग तक सड़क पर अवैध रूप से ऑटो खड़े किए जा रहे हैं, ट्रैक्टरों की लाइन लगी रहती है और सब्जी के ठेले पूरे मार्ग को घेरकर खड़े हो जाते हैं। नतीजा यह है कि सड़क पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### निष्क्रियता ने हालात को और बदतर बना दिया

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही और ट्रैफिक पुलिस की निष्क्रियता ने हालात को और बदतर बना दिया है। सड़क निर्माण के दौरान जहां यातायात को सुचारु रखने के लिए विशेष व्यवस्था होनी चाहिए थी,

वहां जिम्मेदार विभाग पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं। गर्मी के इस भीषण मौसम में लोग जाम में फंसने को मजबूर हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज, नौकरीपेशा लोग और आम नागरिक रोजाना इस अव्यवस्था का शिकार हो रहे हैं।

#### दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना हुआ है

स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायतों के बावजूद न तो नगर प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही ट्रैफिक पुलिस इनको हटाने के लिए मैदान में उतर रही है। सड़क किनारे खड़े ऑटो और अवैध ठेलों के कारण दुर्घटना का खतरा भी लगातार बना हुआ है।

लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई जा रही सीसी रोड का उद्देश्य जनता को सुविधा देना था, लेकिन अगर सड़क पर कब्जा ही बना रहेगा तो यह विकास नहीं, सिर्फ दिखावा साबित होगा।

#### ऑटो और ट्रैक्टरों के लिए निर्धारित स्थान तय किए जाएं

नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि हवाई पट्टी से हनुमान चौराहे तक तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए, ऑटो और ट्रैक्टरों के लिए निर्धारित स्थान तय किए जाएं तथा ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

#### ...और ये है बड़ा सवाल

फिलहाल बड़ा सवाल यही है कि जब सड़क राहगीरों के लिए बनी है, तो उस पर पहला हक किसका है? जनता का या अतिक्रमणकारियों का।

वैसे भी इस क्षेत्र में पूरी सड़क पहले से ही अतिक्रमण की चपेट में है। आगे चलकर लोहा पीटा लोगों ने भी पूरे फुटपाथ पर कब्जा कर रखा है। नई सड़क डालने के पहले ही फिर से अतिक्रमणकारियों के मंसूबे हावी हो रहे हैं आखिर क्यों ,और कब तक चलेगी यह अनदेखी।

## कैंट थाना पुलिस ने दो चोरी मामलों का किया सफल खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**एक प्रकरण में चोरी गई ऑटो एवं दूसरे में चोरी हुई ट्यूबवेल की केबल बरामद**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगातार कार्रवाई करते हुए केंट थाना पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने दोनों मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया ऑटो और विद्युत केबल बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।पहला मामला (ऑटो चोरी)फरियादी मिंटू रजक, निवासी गुलाबगंज केंट गुना ने 16 अप्रैल 2026 को अपने ऑटो क्रमांक MP08 R 2282 के ऊपरी बाजार क्षेत्र से चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर थाना केंट में अपराध क्रमांक 265/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।दूसरा मामला (ट्यूबवेल केबल चोरी)फरियादी अजय राव पवार, निवासी सकतपुर ने अपने घर के बाहर लगे ट्यूबवेल से लगभग 7000 रुपये की विद्युत केबल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर अपराध क्रमांक 264/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।दोनों मामलों में पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच आगे बढ़ाई। परिणामस्वरूप पुलिस ने ऑटो चोरी मामले में रामपाल यादव (निवासी ग्राम लखेरी, थाना देहात, जिला अशोकनगर) तथा केबल चोरी मामले में जितेंद्र कुशवाह (निवासी टेकरी नगर, बूढ़े बालाजी, गुना) को गिरफ्तार किया।आरोपियों के कब्जे से चोरी गया ऑटो और विद्युत केबल बरामद कर ली गई है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, सउनि मिट्ठूलाल विसोरिया, प्रधान आरक्षक प्रमोद जाट, आरक्षक शुभम रघुवंशी, राजू बघेल, सूर्यभान जाट, विकास राजपूत, कुलदीप घुरैया सहित साइबर सेल और कंट्रोल रूम स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में सख्त संदेश गया है।

## जामनेर थाना पुलिस की कार्रवाई: आबकारी एक्ट मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार राजस्थान पुलिस को भी थी तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के जामनेर थाना पुलिस ने आबकारी एक्ट के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ राजस्थान में चोरी के मामलों में जारी तीन स्थाई वारंटों के चलते राजस्थान पुलिस भी उसकी तलाश में थी।

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दीकी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में ग्राम बेरखेड़ी निवासी मुकेश भील के खिलाफ जामनेर थाने में आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था।

न्यायालय में लगातार अनुपस्थित रहने पर उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। इसके साथ ही यह भी सामने आया कि आरोपी राजस्थान में चोरी के तीन मामलों में भी वांछित था, जिनमें वहां की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। राजस्थान पुलिस ने आरोपी को विधिवत हिरासत में ले लिया है।

## गुना को मिलेगी नई पहचान शासकीय निर्माण कार्य एवं अद्योसंरचना पर विस्तृत विचार विमर्श

गुना । कलेक्टर िशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में पुनर्घनत्वीकरण नीति 2022 के अंतर्गत गुना शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए डीपीआर स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय परियोजना समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डे, सीएमओ गुना सुश्री मंजुषा खत्री सहित समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में ए.बी. रोड स्थित तहसील कार्यालय परिसर, पुराना कलेक्ट्रेट परिसर तथा पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस (डाक बंगला) की भूमि पर पुनर्घनत्वीकरण योजना के प्रस्तावों सहित विभिन्न शासकीय कार्यालयों के निर्माण एवं अद्योसंरचना पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रस्तुतिकरण (पीपीटी) के माध्यम से पुराना कलेक्ट्रेट कैंपस एवं सिविल लाइन क्षेत्र में प्रस्तावित शासकीय निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। आर्किटेक्ट द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि गुना




विकास योजना 2035 के अनुसार आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ी ए.बी. रोड की प्रस्तावित चौड़ाई 40 मीटर निर्धारित है। उक्त मुख्य वाणिज्यिक मार्ग पर स्थित तहसील परिसर की 0.8317 हेक्टेयर एवं रेस्ट हाउस की 2.5726 हेक्टेयर भूमि में से 1.00 हेक्टेयर भूमि पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित क्षेत्र के दोनों ओर मुख्य नगरीय मार्ग उपलब्ध हैं तथा भूमि के उपांतरण के पश्चात इसका उपयोग वाणिज्यिक मद में किया जाएगा। समस्त विकास कार्य विकास योजना एवं भूमि विकास अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किए जाएंगे।

बैठक में कलेक्टर कन्याल ने निर्देशित किया कि सभी शासकीय निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में वर्षा जल संचयन (वॉटर हार्वेस्टिंग), सीवर लाइन, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति तथा दिव्यांगजनों के लिए रैंप जैसी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तावित स्थलों का स्थल निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सके। बैठक में निर्माण कार्यों एवं अधोसंरचना विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत अमरोद में निरीक्षण

## पराली जलाने पर प्रकरण दर्ज, ग्रामीणों को समझाइश दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में पराली (नरवाई) जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम पंचायत अमरोद में निरीक्षण के दौरान पराली जलाने के मामलों में पांच प्रकरण दर्ज कर जिनमें राजू पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी अमरोद, बिहारीलाल पुत्र किशनलाल लोधा, बालकिशन पुत्र बिहारीलाल लोधा तथा नानसिंह पुत्र लालजी भिलालाके विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रकरण तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को प्रेषित किए हैं। इन प्रकरणों में अभी अर्थदंड अधिरोपित किया जाना शेष है।

प्रशासन द्वारा केवल दंडात्मक कार्रवाई ही नहीं बल्कि जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत बागरी एवं सिमरोद में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों को नरवाई न जलाने के लिए समझाइश दी गई तथा इसके पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार बमोरी श्री देवदत्त गोलिया, एसडीओ बमोरी श्री आर.के. माहौर सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।इसी क्रम में चांचौड़ा क्षेत्र के ग्राम मालोनी में नरवाई जलाने के एक मामले में संबंधित कृषक पर 2500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से अपील की गई है कि वे नरवाई न जलाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

### सम्मेलन में कुल 47 जोड़े में से 45 जोड़े उपस्थित व 2 जोड़े अनुपस्थित रहे

# जनपद पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

जनपद पंचायत ईसागढ द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आयोजन में 47 जोड़े पंजीकृत हुए,सभी को जनप्रतिनिधियों ने उपहार भेंटकर वैवाहिक जीवन की मंगल कामनाएं प्रेषित की,अध्यक्षीय भाषण में राव रंजीत सिंह यादव ने जोड़ो को आशीर्वचन प्रदान करते हुए सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामना दी साथ ही भारतीय पुरातन संस्कृति अनुसार परिवार व समान की मर्यादा को लेकर स्वस्थ वातावरण निर्मित करने हेतु प्रेरित किया। नगर परिषद ईसागढ के उपाध्यक्ष गोविंद सोनी ने अपने उदबोधन में सामूहिक विवाह सम्मेलन को शासन की समाज हितेषी योजना बताया और इससे फिजूल खर्ची रूकने के साथ गरीब बेटियों को शासन के सहयोग से विवाह सहायता प्रदान करने के संबंध मे अवगत कराया। कार्यक्रम में नगर पालिका अशोकनगर से रामवीर सिंह धाकड उपस्थित हुए, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पी. प्रजापति अतिथियों का स्वागत उद्बोधन व अतिथि परिचय दिया।



पंचायत इंस्पेक्टर बाबूराम दोहरे ने अतिथियों का स्वागत किया, मंच संचालन सतपाल सिंह जाट एवं दयाशंकर शर्मा द्वारा किया गया। जनपद पंचायत प्रतिनिधि राव रंजीत सिंह यादव एवं लखन सिंह रघुवंशी ने उपहार भेंट किए,अतिथियों का स्वागत कृष्णकुमार यादव ने भी किया किया, कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य,राजस्व,ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आमखेडा धाम पर कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन

**अशोकनगर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर श्री सिद्धधाम आमखेड़ा पर आयोजित कन्या विवाह सम्मेलन ने जिले में समाज में समानता, सहयोग और सामाजिक समरसता की मिशाल पेश की, जहां देशभर की विभिन्न समाज की कन्याओं का विवाह पीठाधीश्वर कल्याणदास महाराज के सानिध्य में हिन्दू रीति-रिवाज से सपन्न कराये गये। तो वहीं धाम की ओर वर-वधू को दहेज के रूप में अनेको उपहार दिये गये, जिनमें मुख्य रूप से मोटरसाईकिल, जेबरात और गृहस्थी का सामान शामिल रहा। दरअसल सिद्ध धाम आमखेड़ा पर आयोजित वैवाहिक सम्मेलन में जहां दूल्हे की बारात निकासी से लेकर बेटिया की विदाई करने सहित विभिन्न वैवाहिक रश्मे अदा की गई, तो



वहीं इस सर्व समाज के सम्मेलन में पहुंचकर कई साधु-संतो सहित जनप्रतिनिधिओं ने अपना आर्शीवाद नवदंपत्ति को दिया। जिनमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद डॉ.केपी यादव, विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय, पूर्व विधायक जजपाल शामिल रहे। परिणय सूत्र में बंधे 25 जोड़े, बेटी की विदाई के दौरान हर आंख हुई नम श्री सिद्ध आमखेड़ा पर आयोजित सर्व समाज के कन्या विवाह सम्मेलन में देश के अलग-अलग राज्यों के जोड़े शामिल हुए। जिन्हें आगनी श्री सिद्ध बाबा को साक्षी मानकर सात फेरे लिये और नव दापत्य जीवन में प्रवेश किया। वैवाहिक सम्मेलन के दौरान सबसे भावुक पल उस समय आया, जब बेटियों को विदा की गई तो मौके पर मौजूद पीठाधीश्वर कल्याणदास महाराज सहित उपस्थित जनसमूह की आंखे नम हो गई। इसके अलावा गृहस्थी में उपयोग होने वाले अलमारी, ड्रेसिंग, पलंग, सिलाई मशीन, मिक्सी, टेबिल फैन, कूलर, वॉशिंग मशीन, पूजा की थाली दी गई। साथ ही प्रत्येक दूल्हे को उपहार स्वरूप मोटरसाईकिल प्रदान की गई।

# कदवाया पुलिस ने चोरी की गई बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्रसिंह कंवर एवं एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में थाना कदवाया द्वारा चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी 2026 को फरियादी राजेन्द्र पुत्र वीरन सिंह जाटव, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम टोरिया, थाना इंदार, जिला शिवपुरी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि फरियादी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट पर थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 18/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। दिनांक 20.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति खनियाधाना रोड से कदवाया की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल वाहन चेकिंग की कार्यवाही की गई।

इसी दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसका चालक पुलिस को देखकर वापस मुड़ने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दीपक पुत्र सुखबीर यादव, उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम आलम पिपरोदा, थाना मायापुर, जिला शिवपुरी (म.प्र.) बताया। वाहन के इंजन एवं चेसिस नंबर का मिलान करने पर उक्त मोटरसाइकिल थाना कदवाया के अपराध क्रमांक 18/26 में चोरी गई होना प्रमाणित हुआ। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दिनांक 25.11.2025 को ग्राम कदवाया से अपने गांव जाते समय उसे एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल खड़ी मिली, जिसमें चाबी लगी हुई थी, जिसे उसने चोरी कर अपने घर ले जाकर छिपा दिया था। पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी गई मोटरसाइकिल विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी को जिला जेल अशोकनगर भेजा गया है।

### पक्षियों को पानी पिलाने का संकल्प लिया

## विमर्श जागृति महिला मंच ने अपने घर की छत पर सकोरा लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विमर्श जागृति महिला मंच ने अक्षय तृतीया महापर्व पर मीटिंग कर बेजुबान पक्षियों को सकोरा लगाने का निर्णय लिया। अध्यक्ष वैशाली बाँझल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य विमर्श सागर महाराज की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात मंच का संकल्प गीत गाया। मंच ने निर्णय लिया कि गर्मियों में बेजुबान पक्षियों के लिए प्यास बुझाने के लिए मंच के सभी सदस्यों के लिए अपने-अपने घर की छत पर पानी भर कर सकोरा टांगने एवं दाना रखने के लिए बोला इस सेवा कार्य के लिए सभी सदस्यों ने स्वीकृति दी। सभी सदस्यों को सकोरा बांटे गए। इसके बाद भक्तामर जी का पाठ हुआ। सभी ने स्वलापहर किया एवं अक्षय तृतीया के पावन पर पर इछू रस का पान किया। सभी कार्यक्रम वैशाली बाँझल के निवास पर हुए। तत्पश्चात पटेल पार्क में जाकर पक्षियों को पानी पीने के लिए सकोरा बांधे गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता स्मृति भारत, पूर्व अध्यक्ष प्रीति मोहरी, शाखा मंत्री पूजा देरखा, सरोज जैन,प्रियंका जैन, पूजा दलाल, कीर्ति जैन, रजनी जैन, ज्योति गुरुजी, मीना अखाई आदि सदस्य उपस्थित रही।

# अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद की 65 सदस्यों ने घरों पर पक्षियों के लिए सकोरे टांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




तपती गर्मी के बीच जहां इंसान ही नहीं बल्कि बेजुबान पक्षी भी पानी के लिए व्याकुल हो उठते हैं, वहीं अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद, प्रथम शाखा अशोकनगर (राजुल संभाग) की बहनों ने जीव दया की भावना को साकार करते हुए एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल की।

अप्रैल माह के मध्य में परिषद की सदस्याओं द्वारा "प्यासे पंछियों के लिए एक प्रयास" अभियान के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्थानों एवं अपने-अपने घरों पर मिट्टी के पात्र (स्कोरे) स्थापित कर उनमें नियमित रूप से स्वच्छ पानी एवं दाने की व्यवस्था की गई। यह छोटा किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। परिषद की इस पहल ने समाज में करुणा, सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश प्रसारित किया है। वर्तमान समय में जब प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है, ऐसे प्रयास न केवल जीवों के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि आमजन को भी संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर परिषद की अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें सचिव मनीषा अरिहंत, कोषाध्यक्ष सोनम जैन सहित कुल 65 सदस्याओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी सदस्याओं ने अपने-अपने स्तर पर इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में परिषद की बहनों का उत्साह एवं सेवा भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। स्थानीय नागरिकों द्वारा परिषद की इस पहल की सराहना की जा रही है और इसे एक अनुकरणीय उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं सेवा आधारित प्रकल्पों के माध्यम से जीव दया, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके।

### भोपाल में आयोजित हुआ शहर सुधार कार्यशाला

## अशोकनगर के सीएमओ व उपयंत्री हुए सम्मानित



**अशोकनगर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिनांक 16 एवं 17 अप्रैल को शहरी सुधार कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन सुंदर लाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान, भोपाल में सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यशाला में शासन की योजनाओं की समीक्षा अपर मुख्य सचिव संजय दुबे एवं आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा की गई।

कार्यशाला के अंतिम दिन नगर पालिका अशोकनगर द्वारा बेस्ट प्रेक्टिसेस के अन्तर्गत वर्ष 2024 में तुलसी सरोवर में जन सहयोग एवं शासन की कोई भी राशि व्यय के बिना किए गये गहरीकरण पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं उपयंत्री गौरव ठाकुर द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण की उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। बेस्ट प्रेक्टिसेस हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान एवं उपयंत्री गौरव ठाकुर को आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 16 नगर निगम के आयुक्त एवं 28 नगर पालिकाओं के सीएमओ एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

### पकड़े गए वाहनों से वसूला 18 हजार 500 रुपए का जुर्माना

# यातायात पुलिस ने बड़ौदा और कोटा रोड पर लगाया चेकिंग प्वाइंट,बिना नंबर दौड़ रहे 26 वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वाहन चोरी और सडक दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुरू किए गए अभियान के तहत यातायात थाना पुलिस ने सोमवार को शहर के बडौदा रोड और कोटा रोड पर चेकिंग प्वाइंट लगाकर उन वाहनो को चेक किया, जो बिना नंबर फर्राटे भर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने 26 वाहनों को पकडा और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 18 हजार 500 रूपए का जुर्माना वसूला है। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार को ट्रैफिक थाने के एएसआई जितेन्द्र शर्मा तथा अन्य ट्रैफिक स्टाफ के साथ श्योपुर बडौदा रोड और श्योपुर कोटा पर वाहनो की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 26 वाहन बिना नंबर संचालित होते पकडे गए। इन सभी वाहनों के चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला है। साथ ही वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी है।



**एक ओवर लोड यात्री बस पकड़ी,किया 6 हजार का जुर्माना**

चेकिंग के दौरान यातायात थाना पुलिस ने सोमवार को एक ओवर लोड यात्री बसो को भी पकडा है। जिस पर 6 हजार रूपए का जुर्माना किया है। चैकिंग के दौरान तब यातायात पुलिस की टीम ने जब श्योपुर से ग्वालियर जा रही बालाजी कंपनी की यात्री बस को चैक किया तो बस में 30 सवारी ओवर लोड मिली। जिसकारण उक्त यात्री बस पर 6 हजार रूपए का जुर्माना किया है,साथही परमिट पात्रता अनुसार ही सवारियां बैठाने की सख्त हिदायत भी दी है।

# दलित ठेकेदार को पिता पुत्र ने मिलकर पीटा,केस दर्ज

**श्योपुर।** मकान बनाने वाले एक दलित ठेकेदार की नामजद पिता पुत्र ने जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। सोमवार को यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र के गांव खड्डूराम का डेरा का है। इस मामले में पुलिस ने मारपीट करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि फरियादी महावीर पुत्र रामनाथ बैरवा

**पैसे मांगने पर हुआ था और उसके बाद की मारपीट**

निवासी कल्याणपुरा मकान बनाने का ठेका लेता है। उसने खड्डूराम का डेरा निवासी रतन ओड का छत डालने तक मकान बनाने का ठेका 65 हजार रूपए में लिया था। 50 हजार रूपए रतन ओड ने छत डालने से पहले तक दे दिए थे,शेष 15 हजार छत की शटरिंग खोलने के दौरान देने की बात तय हुई। मगर छत की सटरिंग खोलने के दौरान भी शेष राशि नहीं दी। जब महावीर ने पैसे मांगे तो रतन और उसके बेटे सगसू ओड ने मिलकर महावीर की जातीय अपमान करते हुए थापघूसो से मारपीट कर दी और उसका गला भी दबा दिया। इस मामले में महावीर की रिपोर्ट पर दोनों पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## कलेक्टर आज विजयपुर में करेगी जनसुनवाई

**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा मंगलवार 21 अप्रैल को अपनी पहली जनसुनवाई विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। श्योपुर जिला मुख्यालय से तहसील विजयपुर की दूरी को दृष्टिगत रखते हुए तथा आमजन को सुविधा के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को विजयपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने सभी जिला अधिकारियों एवं विजयपुर के खण्ड स्तरीय अधिकारियों को उक्त जनसुनवाई के दौरान विजयपुर में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

# कलेक्टर ने पक्षियों के लिए टांके पानी के सकोरे, शीतल प्याऊ का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गर्मी के इन दिनों में पक्षियों को पीने के लिए पानी आसानी से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लगे पेड़ो पर मिट्टी के सकोरे टाके और उनमें पानी भरा। इसके साथही कलेक्टर ने लोगो की प्यास बुझाने के लिए शीतल प्याऊ का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, योग शिक्षक दिनेश साहू आदि मौजूद रहें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे टांकने के दौरान निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये सकोरे पात्रो में नियमित रूप से पानी और दाना रखा जायें। कलेक्टर ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने घर की बालकनी, आंगन या छत में पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कलेक्ट्रेट भवन के अंदर तो शीतल जल के



लिए वाटरकूलर, आरओ इत्यादि लगे हुए है, इसी क्रम में तहसील कार्यालय के गेट पर मिट्टी के मटके रख शीतल जल प्याऊ शुरू की गई है, जिससे कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को मटके का ठंडा पानी पीने को उपलब्ध होगा।

### 28 को नौनार सरकार धाम पर 351 गरीब कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया जाएगा

# 351 दामादों के स्वागत के लिए 'जनकपुर' बनेगा नौनार सरकार धाम, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले के कराहल क्षेत्र में मौजूद नौनार सरकार धाम 28 अप्रैल को 351 दामादों के स्वागत के लिए जनकपुर बनता नजर आएगा और यहां शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। वजह यह है कि इस दिन यहां बागेश्वर धाम की तर्ज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और जिसमें 351 गरीब कन्याओं का निःशुल्क विवाह कराया जाएगा। यह कार्यक्रम पूज्य नौनार सरकार महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। खास बात यह है कि इस मौके पर विवाह बंधन में बंधने वाली गरीब कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला समेत कई बडी हस्तियां के यहां पहुंचने की संभावनाएं है। क्योंकि इन सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया जा चुका है।



**भंडारा भी होगा, प्रसादी पाने जुटेगे हजारों लोग**

28 अप्रैल को यहां 351 गरीब कन्याओं का निःशुल्क विवाह सम्पन्न कराए जाने के साथही विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस भंडारे में विवाह सम्मेलन में आने वाले सभी लोगों के साथ क्षेत्र के लोग भी बडी तादात में प्रसादी पाने के लिए पहुंचेगे। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां का सिलसिला शुरू हो गया है। भागवत कथा के लिए जहां पांडाल सज गया है। वहीं विवाह और भंडारे के लिए भी अलग अलग स्थानों पर पांडाल सजाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। उधर प्रशासन व पुलिस की ओर से भी इस कार्यक्रम को लेकर अपने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी है।

**आज निकलेगी कलश यात्रा,होगा भागवत कथा का शुभारंभ**

28 अप्रैल को जनकपुर बनने वाले नौनार सरकार धाम पर कार्यक्रमों का शुभारंभ 21 अप्रैल मंगलवार को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 10 बजे शुरू होगी, जो गाजेबाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा के उपरांत 21 अप्रैल को यहां श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भी होगा। श्रीमद भागवत कथा का वाचन पूज्य संत शिवम बापू महाराज अपनी मधुरवाणी से करेगे। 27 अप्रैल तक चलने वाली भागवत कथा का आयोजन दोपहर एक बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।बताया गया है कि 25 अप्रैल को यहां भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में पूज्य नौनार सरकार महाराज ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर शीला दाहिमा और अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को भी इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण भी मौजूद थे। बताना होगा कि नौनार सरकार धाम पर गरीब कन्याओ का निःशुल्क विवाह कराए जाने का इस साल दूसरा आयोजन है। क्योंकि इस तरह का पहला भव्य आयोजन यहां पिछले साल अक्षय तृतीया के मौके पर 30 अप्रैल को आयोजित किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि इस बार आयोजित होने वाला कार्यक्रम पिछले साल की तुलना में और ज्यादा भव्य होगा और जनसमुदाय भी काफी जुटेगा। क्योंकि इस साल पिछले साल की तुलना में जोडों की संख्या तीन गुना है।

## खबर संक्षेप

### 13 साल 9 माह की किशोरी ने फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम तमाशा निवासी सादिक अली की पुत्री अल्फिया बी उम्र 13 साल 9 माह ग्राम तमाशा ने अपने ही घर में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### शीतला माता मंदिर से दान पेटी चोरी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत माता मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 4 के पुजरी शान्तनु पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शीतला माता मंदिर से आरोपी रूप सिंह कुशवाह निवासी चक्क रामपुर थाना नरबर जिला शिवपुरी मंदिर में घुसकर दान पेटी चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### युवक मृत अवस्था में मिला, वाहन से टकराने की आशंका

**अशोकनगर।** अशोकनगर-ईसागढ रोड पर एक व्यक्ति की लाश मिली है, जिसकी सूचना बृजभान जाटव निवासी ग्राम बमनावर द्वारा पुलिस को दी गई थी। सूचना के बाद जब वह खुद मौके पर पहुंचा तो मृतक उसके चाचा के बेटे कब्बा जाटव के छोटे पुत्र रामवली जाटव का था। युवक गंभीर रूप से घायल था तथा सिर में गंभीर चोंटे आई थीं जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि उसके किसी वाहन से कुचला गया है। इस घटना के बाद वाहन चालक का पता नहीं चल सका है, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा निवासी अनीसा बानों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलीम खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी गौरव ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गीता बाई ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुसायवदा निवासी गोलू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी आशु लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राज जोशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आईपीएल सट्टा के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आईपीएल सटटा के विरूद्ध लगातार मुहिम चलाई जा रही है जिसके चलते पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व मे जलसा मैरिज गार्डन के पास, मंदसौर मिल क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके पर दो व्यक्ति ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित करते हुए पाए गए। पुलिस को देखकर दोनों आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर आरोपी सौरभ पुत्र नीरज भार्गव, निवासी गुना (हाल निवास ओम कॉलोनी, अशोकनगर), अभिषेक पुत्र विष्णु सिंह रघुवंशी, निवासी तायडे कॉलोनी, अशोकनगर को पकडा गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। तकनीकी जांच में पाया गया कि आरोपी सौरभ भार्गव के मोबाइल में वेबसाइट पर सट्टा आईडी सी 74184 संचालित थी, जिसे उसे गोलू धाकड़, निवासी विंध्याचल कॉलोनी गुना उपलब्ध कराया गया था। इसी प्रकार आरोपी अभिषेक रघुवंशी के मोबाइल में वेबसाइट पर सट्टा आईडी सी63707 सक्रिय पाई गई। पूछताछ में उसने बताया कि यह आईडी उसे उसके सह-आरोपी सौरभ भार्गव द्वारा दी गई थी तथा दोनों आरोपी मिलकर सट्टा लेनदेन गोलू धाकड़ के माध्यम से संचालित करते थे।

## बड़ी दुर्घटना टली, पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया

# कुए में वाहन गिरा, बहू और कार में बैठे लोग बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर एक बड़ी घटना होने से बच गई, यह अच्छा हुआ कि कुए में पानी नहीं था। घटना नईसराय थाना क्षेत्र के अखाई घाट और घुरवार गांव के बीच स्थित टगर में हुई। हालांकि नईसराय पुलिस की सक्रियता से जन हानि होने से बच गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन युवकों को तो निकाल लिया। लेकिन कुएं में गिरे वाहन को देर रात 12 बजे तक नहीं निकाला जा सका।

शिवपुरी के ग्राम बड़ौदी निवासी सत्येंद्र बाथम के वाहन से वीरू कुशवाह और उसका एक अन्य साथी दुल्हन को लिवाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम लगभग 7.30 बजे अखाई घाट और घुरवार गांव के बीच स्थित एक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर लगभग तीस फिट गहरे सूखे कुएं में गिर गया, वाहन को कुएं में गिरता देख एक राहगीर ने नईसराय पुलिस को सूचना दी। तब 112 वाहन के अलावा नईसरायं थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने अन्य दूसरे वाहन से पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक व्यक्ति को कुएं में उतारकर वाहन में बैठी महिला सहित चालक और अन्य दो युवकों को रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बताया गया कि यदि पुलिस ने मौके पर पहुंचने में देर की होती तो वाहन के साथ कुएं में गिरे व्यक्तियों





की दम घुटने से मौत भी हो सकती थी। फिलहाल महिला सहित चालक और दोनों युवकों का उपचार किया जा रहा है। रात सवा बारह बजे तक कुएं में गिरे वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा था। जो सोमवार को भी प्रयास जारी रहे जिसके बाद कुए से वाहन को बाहर निकाला गया। यह कुआ मुख्य सड़क से 200 फुट अंदर की ओर है, खेत में बना हुआ कुआ है लेकिन उस पर मुडेर आदि नहीं हैं, इस तरह की घटना में यह माना जा रहा है कि वाहन संतुलन खोने से दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद वाहन में बैठे लोगों को पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। यह अच्छा हुआ कि कुए में पानी नहीं था, इस वाहन में एक ड्रायवर और दो अन्य लोगों के साथ एक बहू बैठी हुई थी, जैसे ही यह वाहन कुए में गिरा वैसे ही एक राहगीर ने देख लिया अगर देर रात की घटना होती तो कुछ भी हो सकता था। जिसके बाद डायल 112 को फोन लगाया गया और उन्हे बाहर निकालने का रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

## चन्देरी के प्रसिद्ध परमेश्वर तालाब में 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी के प्रसिद्ध और ऐतिजनिक परमेश्वर तालाब में दोपहर एक अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। जिस जगह यह तालाब है उसकी के समीप भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। जब कथा में पहुंचे लोगों ने देखा कि तालाब के पानी में कोई शव तैर रहा है, तब इसकी सूचना चंदेरी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से महिला के शव को तालाब के पानी से बाहर निकाला गया। उपस्थित लोगों की मौजूदगी में पंचनामा के बाद महिला के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है, लेकिन अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला कहां कि है इसका पता नहीं चलने के कारण जिले की सभी थाने की पुलिस को सूचना भेजी गई है साथ ही पड़ौसी जिले की पुलिस को भी सूचना दी गई है ताकि उक्त महिला की पहचान हो सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों वा खुलासा हो सकेगा,मामले की गहनता से जांच जारी है।

## थाना कदवाया की त्वरित कार्रवाई

## ट्रैक्टर चोरी का प्रयास करने वाला आरोपी 2 घंटे में गिरफ्तार हुआ



**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कदवाया पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को फरियादी की रिपोर्ट के मात्र 02 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि 20 अप्रेल को फरियादी मनोज लोधी पुत्र घनश्याम लोधी, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम कैशोपुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सीतापहाड़ी मंदिर केशोपुर में पूर्व में यज्ञ करने आए पंडित जी के चचेरे भाई अजय शर्मा (भार्गव) द्वारा रात्रि में फरियादी के खेरे (खुडिया) में घुसकर ट्रैक्टर चोरी करने का प्रयास किया गया। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर थाना कदवाया में अपराध क्रमांक 42/26 धारा 62, 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी कदवाया को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी कदवाया द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अजय शर्मा पुत्र शिवचरण शर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम तेंदुआ, थाना मुगलसराय, जिला विदिशा को गिरफ्तार किया है।

### फर्जी बैंक खाते व साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण में त्वरित कार्वाई के लिए एसपी ने एसआईटी का गठन किया

**अशोकनगर।** थाना कोतवाली अशोकनगर अंतर्गत फर्जी बैंक खाते एवं साइबर धोखाधड़ी के आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं गहन विवेचना हेतु विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। विशेष जांच टीम में निरीक्षक रविप्रताप सिंह चैहान थाना प्रभारी, कोतवाली अशोकनगर, निरीक्षक नरेश रावत प्रभारी साइबर सेल,अशोकनगर, उप निरीक्षक आशुतोष गुप्ता कोतवाली अशोकनगर, उप निरीक्षक मसी खान डीपीओ अशोकनगर, सहायक उप निरीक्षक विनोद तिवारी, कोतवाली अशोकनगर, सहायक उप निरीक्षक देशराज भील कोतवाली अशोकनगर, प्रधान आरक्षक नवल शर्मा कोतवाली अशोकनगर, आरक्षक राजू रघुवंशी कोतवाली अशोकनगर शामिल है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा विशेष जांच टीम को निर्देशित किया गया है कि प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए तकनीकी साक्ष्यों एवं साइबर विश्लेषण के माध्यम से सघन एवं विवेचना सुनिश्चित की जाए।

## कुंथुनाथ भगवान का जन्म तप और मोक्ष कल्याणक के साथ अक्षय तृतीया मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गंज मंदिर में बड़े ही भक्ति के साथ समिति की सभी बहनों ने पूजन पाठ करके श्री 1008 कुंथुनाथ भगवान का जन्म तप और मोक्ष कल्याणक सामूहिक लाडू भगवान के समक्ष अर्पण करके मनाया गया एवं लड्डु सजाओ प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

दूसरे दिन श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा गंज मंदिर सभी बहनों द्वारा मंगलाचरण कर आदिनाथ भगवान की समक्ष भक्तांबर पाठ किया एवं गंज प्रांगण में दान दिवस अक्षय तृतीया बड़े ही धूमधाम से मनाया समिति द्वारा इच्छुक रस मजदूर वर्ग के भाइयों एवं बहनों को वितरण किया गया। गर्मी से



बचने के लिए सभी मजदूर भाइयों को को गमछाभी प्रदान किया गया एवं एवं पक्षियों को पानी की व्यवस्था के लिए जगह-जगह पेड़ों पर सकोरे लगाए गए। इसी बीच मासिक मीटिंग भी रखी गई जिसमें धार्मिक प्रश्न उत्तर के लकी ड्रा निकाले गए। प्रोग्राम में शामिल महिला महासमिति की राष्ट्रीय मंत्री इंदू गांधी, वर्तमान अध्यक्ष विभा मोदी, महामंत्री प्रियंका जैन, कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा, युवा प्रकोष्ठ विनीता मिर्ची, महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी, सह मंत्री वर्षा बड़कुल, सांस्कृतिक सचिव प्रीति भंडारी, पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी, नम्रता बड़कुल, वरिष्ठ सदस्य नंदा सोनी, प्रतिभा जैन, संगीता बहादुरपुर, सुधा जैन कार्यकारिणी की समस्त सदस्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जीएसटी ग्रुप ने गर्मियों में पक्षियों के लिए 1000 सकोरे और बच्चों को खिलौने बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जीएसटी ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी गर्मियों में पक्षियों के लिए सकोरे और ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को चप्पल खिलौने वितरित किए। साथ ही शहर से पुराने कपड़े एकत्रित कर उन्हें गांव में जाकर जरूरतमंद लोगों को दिए। सकोरे इस शर्त पर दिए गए हैं कि उनमें रोज पानी भरा जाए करीब 1000 सकोरे वितरित किए गए। गर्मियों में बच्चे नंगे पैर घूमते हैं जिसे देखकर उनके लिए चप्पल वितरित की गईं साथ ही उन्हें खेलने के लिए खिलौने दिए गए।

गर्मी में मानवता की मिसाल जीएसटी ग्रुप ने जरूरतमंदों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

गर्मियों के इस कठिन समय में जहां एक ओर भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं जीएसटी (गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट) ग्रुप ने



समाज सेवा की एक सराहनीय पहल की है। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पक्षियों और जरूरत मंद लोगों के लिए विशेष अभियान चलाया गया। ग्रुप के सदस्यों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 1000 सकोरे (मिट्टी के बर्तन) वितरित किए, ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी मिल सके। इन सकोरों को देते समय यह शर्त भी रखी गई कि उनमें रोजाना पानी भरा जाए, जिससे पक्षियों को लगातार राहत मिलती रहे।

इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए भी खास पहल की गई। संस्था ने नंगे पैर घूमने वाले बच्चों को चप्पल वितरित कीं, ताकि उन्हें गर्म जमीन से राहत मिल सके। साथ ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें खिलौने भी दिए गए। जीएसटी ग्रुप ने शहर से पुराने कपड़े एकत्रित कर उन्हें गांवों में जाकर जरूरतमंद लोगों में वितरित किया। इस पहल से कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश गया। संस्था की इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

## जैन मिलन सेंट्रल ने कार्यक्रमों के साथ अक्षय तृतीया मनाई



**अशोकनगर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर प्राचीन नगरी तूमेन में श्री 1008 दिगंबर जैन आदिश्वर आदिनाथ मंदिर (बैठा देव) में जैन मिलन सेंट्रल के सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक उपस्थित होकर भगवान की अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं मंगल आरती की गई। गन्ने का रस वितरित किया गया एवं श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार कराया गया। अध्यक्ष अतुल जैन बंसल मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आनंद गांधी एवं अतुल बंसल ने इंद्र बनकर भगवान का महा मस्तकाभिषेक, शांतिधारा एवं आरती किया। तत्पश्चात इक्षु रस (गन्ने का रस) वितरण किया गया एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार कराया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने गौशाला जाकर पशुओं को गौ ग्रास खिलाया जिसका पुण्यार्जक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र कोचर परिवार था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची,आनंद जैन गांधी राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, प्रमोद जैन छाया राष्ट्रीय मार्गदर्शक, राजेश जैन तारई, सुनील जैन बेलई, सत्येंद्र जैन पीरोंठ, तत्काल पूर्व अध्यक्ष सचिन जैन बारी, प्रवक्ता सचिन जैन सर्राफ एवं नितिन जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन कोठारी,सह मंत्री मनीष जैन परवाह एवं राकेश जैन रिंकू जैन,जितेंद्र जैन, नीलेश जैन,प्रदीप जैन, विपिन जैन, महावीर तरावली, विपिन बाँझल, संजय सिंघई ,मयंक जैन,वीरां. सीमा बंसल एवं संगीता जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## विहिप ने अक्षय ततृीया पर नि:शुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया

**अशोकनगर।** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा निशुल्क जल सेवा का शुभारंभ आखातीज के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जल सेवा का शुभारंभ विदिशा रोड चुंगी नाका मिश्रा मेडिकल पर किया गया है।

इस अवसर पर प्रान्त अर्चक मंदिर प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा कहा नर सेवा नारायण सेवा है इससे बड़ी कोई सेवा नहीं है इसलिए सभी समाज जनों को गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी रखना चाहिए प्यासे को पानी पिलाना चाहिए यही मानवता की निशानी है जिला अध्यक्ष दिनेश जैन




ने कहा कि भूखे को भोजन से ज्यादा प्यासे को पानी की जरूरत है इस मौसम में इसलिए सबको पानी मिले। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी विकास जैन बल्ली,समरसता प्रमुख मोहन नामदेव विमर्श प्रमुख, नगर मंत्री अभिषेक शर्मा ग्रामीण प्रखंड के अध्यक्ष जगभान सिंह आदि रहे मौजूद।

## शाढ़ौरा में पक्षियों के लिए पेड़ पर सकोरे टांग कर पानी रखने की मुहिम शुरू

**शाढ़ौरा।** पत्रकारों द्वारा एवं सभी समाज सेवी शाढ़ौरा में गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी जिंदगी खतरे में पड़ गई है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, स्थानीय निवासियों ने पक्षियों के लिए पेड़ पर पानी रखने की मुहिम शुरू की है। इस मुहिम के तहत, लोग अपने घरों के आसपास के पेड़ों पर पानी के बर्तन रख रहे हैं, जिससे पक्षियों को पानी मिल सके। यह मुहिम न केवल पक्षियों की जिंदगी को बचाने में मदद कर रही है, बल्कि पर्यावरण को भी फायदा पहुंचा रही



है। क्या आप भी इस मुहिम में शामिल होना चाहते हैं? अपने घर के आसपास के पेड़ों पर पानी के बर्तन रखें और पक्षियों की जिंदगी को बचाएं। दीपेंद्र रघुवंशी पत्रकार, पुष्पराज यादव पत्रकार, चंदन नामदेव पत्रकार नीरज शर्मा पत्रकार नीरज रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ

# विवाह सम्मेलन में 24 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में समस्त प्रदेश में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जाने हेतु निर्देशित किया गया था। अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा एवं सचिव मनीष अनुरागी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा द्वारा सहयोगी लीगल डिफेंस काउंसिल विष्णु नारायण बिल्थरिया समाज सेवी एवं पैरालेगल वॉलिंटियर जसवंत परमार एवं नवल सिंह भदोरिया के सहयोग से ग्राम आमखेड़ा एवं ग्राम तूमैन में बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया गया।

महिला बाल विकास अधिकारी चन्द्रसेना भिड़े और कौशलेंद्र मवाई परियोजना अधिकारी, शिवकुमार नरवरिया एवं उनकी टीम ने एक दिवस पूर्व भी 24 जोड़ों के संपूर्ण कागज उम्र से संबंधित दस्तावेज



एवं अन्य कानूनी जरूरत को बारीकी से जांच किया था। जिसमें जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उन्हें पुनः मौके पर चलकर जांचा एवं देखा कि उक्त 24 जोड़े की उम्र एवं अन्य कानूनी बद्धताओं का पालन किया जा रहा है या नहीं। म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को ग्राम खामखेड़ा में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण/नालसा द्वारा बच्चों के लिए बाल-सुलभ विधिक सेवा योजना, 2024 और आशा 2025 के अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिए अक्षय तृतीया पर विशेष एक दिवसीय अभियान चलाया गया।

विशेष अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर, महिला एवं बाल विकास विभाग, एवं पुलिस के समन्वय से किया गया। जिसका उद्देश्य समाज में व्याप्त बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाप्त करना, सरल एवं सुलभ विवाह को प्रोत्साहन देना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना था। प्रत्येक जोड़े के वैवाहिक दस्तावेजों की पूर्व में गहन जांच की गई, जिसके अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष से कम तथा वर की आयु 21 वर्ष जांच की गई। इस विवाह सम्मेलन में कुल 24 जोड़ों का विधिवत रूप से विवाह संपन्न हुआ।

अधिनियम के अंतर्गत सम्मेलन समिति द्वारा जारी विवाह सूची अनुसार 24 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज एवं वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। यह आयोजन बाल विवाह निषेध अधिनियम का पूर्णतः पालन करते हुए सम्पन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं एवं सम्मेलन शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# यज्ञ साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप होता है: देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

चंदेरी के निकट जारसल तक सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में भाव कल से यात्रा के साथ श्री राम महायुद्ध प्रारंभ हुआ था पूजा ने किया गया एवं नगर भ्रमण कर यज्ञशाला में पूजन के उपरांत कलश स्थापना की गई।

यज्ञ आचार्य पंडित बृजेश चैबे शास्त्री ने बताया 7 दिन के हवन के समय में कुल सवा लाख आहुतियां दी जाएंगी नव कुंडी यज्ञ क्षेत्र के विकास वातावरण शुद्ध एवं कल्याण की भावना से प्रारंभ किया गया है। प्रथम दिन कथा के क्रम में अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने समस्त देवी देवताओं का आवाहन किया और मंगलाचरण के रूप में कथा का प्रारंभ किया प्रथम दिन



रामचरितमानस की महिमा गुरु वंदना एवं समस्त देवी देवताओं की वंदना करते श्री राम हनुमान और सीता जी के पावन चरित्र का गायन किया सत्संग से व्यक्ति के अंतहकरण के नेत्र खुलते हैं और सारे संसार के लोगों को सीताराम स्वरूप समझकर सम्मान देने का भाव उत्पन्न होता है। प्रथम दिन हनुमान जी की वंदना करते हुए बताया हनुमान जी ही राम कथा के सच्चे श्रोता हैं और जब तक कथा चलती है तब तक कथा में उपस्थित रहे। रात्रि 8 बजे से रामलीला का मंचन होगा, रामलीला के व्यास महंत घनश्याम शरण सभी कलाकारों के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य लीला का चरित्र चित्रण कर क्षेत्र के लोगों का मन मोहा कार्यक्रम के अंत में आयोजन महंत भरत दास जी सहित सभी यजमानों ने आरती उतार कार्यक्रम को विश्राम दिया।

### पाटरीकला गांव में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह के खिलाफ लिया सामूहिक संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अक्षय तृतीया के अवसर पर जहां परंपरागत रूप से विवाहों की भरमार रहती है, वहीं इस बार पाटरीकला गांव में एक सकारात्मक पहल देखने को मिली। गांव के लोगों ने एकजुट होकर बाल विवाह न करने की शपथ ली और बाल विवाह मुक्त गांव के संकल्प को मजबूत करने का संदेश दिया।

महिला बाल विकास विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम द्वारा लगातार क्षेत्र में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने गांव में पहुंचकर समुदाय के बीच बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को यह समझाया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों का हनन है, जो उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस पर सभी उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे अब इस प्रथा का समर्थन नहीं करेंगे और अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

#### भागवत कथा के मंच का किया उपयोग

विशेष बात यह रही कि गांव में आयोजित भागवत कथा के मंच का भी सकारात्मक उपयोग किया गया। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे इस कुरीति के खिलाफ आगे आएं और समाज में जागरूकता फैलाएं। भागवत श्रवण करने वाले लोगों ने भी सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न तो अपने परिवार में और न ही समाज में बाल विवाह होने देंगे। ग्रामीणों ने यह भी संकल्प लिया कि वे आने वाली पीढ़ियों को शिक्षित, सुरक्षित और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे, ताकि एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

## पाटीदार समाज का 42वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित



**सारंगपुर।** पाटीदार समाज का 42वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सोमवार को मास्टरमाइंड कान्वेंट स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से आए कई जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत की।सम्मेलन में विवाह संस्कार आचार्य पंडित सुनील कुमार शर्मा (ग्राम कालूखेड़ा) द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए गए। आयोजन समिति अध्यक्ष मोहनलाल रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 5 से 6 बजे के बीच वर-वधुओं एवं समाजजनों का आगमन हुआ, जिसके पश्चात बारात का स्वागत एवं प्रवेश कराया गया। सुबह 6 से 7 बजे के बीच गणेश पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद मंडप प्रवेश, पैर प्रक्षालन, शुभ लग्न, चंवरी फेरा एवं मंडप बरसाना जैसी पारंपरिक रस्में विधिपूर्वक निभाई गईं। लगभग 11 बजे के बाद नवविवाहित जोड़ों की विदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक जोड़े को कन्यादान स्वरूप अलमारी, बर्तन, पलंग, बिस्तर सहित आवश्यक गृहस्थी का सामान प्रदान किया गया। इस सम्मेलन में राजगढ़, शाजापुर, देवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए वर-वधुओं का विवाह संपन्न कराया गया।समिति ने 42वें सम्मेलन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए घोषणा की कि आगामी 2 मार्च 2027 को 43वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता, नगर समिति के सदस्य एवं आसपास के गांवों से आए समाजजन एवं मातृशक्ति ने सक्रिय सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाया।

### शासन द्वारा काफी अर्से पहले बंद किए जा चुके हैं चेक पोस्ट

# राजस्थान चेकपोस्ट पर अवैध वसूली 2 आरक्षक ग्वालियर अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




जिले के विभिन्न विभागों में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। हालिया स्वास्थ्य विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल जहां एक मामले में 20 हजार की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस भोपाल द्वारा रंगेहाथों पकड़ी गई थीं वहीं आरटीओ विभाग के दो आरक्षकों द्वारा जयपुर-जबलपुर मार्ग पर राजस्थान सीमा के नजदीक स्थित बंद हो चुके चेकपोस्ट पर वाहनों से अवैध वसूली के मामले सामने आए थे।

आरक्षकों द्वारा ट्रक चालकों से खुलेआम की जा रही वसूली के वीडियो वायरल होने के बाद परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश ने दोनों आरक्षकों को ग्वालियर अटैच करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत आरक्षक आरपी हनोतिया एवं अमित झरवड़े को राजगढ़ कार्यक्षेत्र से हटाकर परिवहन आयुक्त कार्यालय, ग्वालियर संबद्ध कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले की सीमा से सटे राजस्थान के नजदीक स्थित उक्त चेकपोस्ट पर वाहन चालकों से नियम विरुद्ध तरीके से वसूली के मामले अक्सर सामने आ रहे थे। लेकिन इस वसूली के संबंध कोई सटीम सबूत या साक्ष्य न होने के चलते विभाग कार्यवाही नहीं कर पा रहा था। अब वायरल वीडियो के आधार पर विभाग कमिश्नर ने यह कार्यवाही की है।

# बैठक में अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने के सीईओ ने दिए निर्देश

### क्षीर धारा एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



पशुपालन विभाग द्वारा संचालित क्षीर धारा ग्राम योजना एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित मामलों को लेकर जिला पंचायत सीईओ द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैठक में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य को 7 दिवस में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही जिनके द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया उन्हें नोटिस जारी कर सात दिवस में पूर्ण करने हेतु तल्ख निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही बैठक में बिना अनुमति अनुपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारियों को नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश सीईओ गढ़पाले ने प्रदान किए। इस दौरान निराश्रित पशुओं को गौशाला में भेजने हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने भी निर्देश दिए एवं प्रत्येक विकासखंड में एक गौशाला को आदर्श गोशाला बनाने हेतु चयन कर कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया। सीएम हेल्पलाइन की अर्से से लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर सभी शिकायत बंद करने हेतु उपसंचालक पशुपालन विभाग को निर्देश दिए।

### राहगीरों को परेशानियों का करना पड़ रहा सामना

# अवैध अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था चरमराई, सड़क पर लग रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुराने एबी रोड पर बढ़ते अवैध अतिक्रमण ने शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। बस स्टैंड क्षेत्र सहित मुख्य हाईवे पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सड़क किनारे की जमीन किराए पर देकर अस्थायी दुकानें संचालित करवा दी हैं।

इतना ही नहीं, कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों का विस्तार करते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया है और बाहर तक जूस व अन्य ठेले लगा दिए हैं। इन अतिक्रमणों के कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। व्यस्त समय में बस स्टैंड के आसपास वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्कूल, कॉलेज और कार्यालय जाने वाले लोगों को रोजाना जाम में फंसकर समय बर्बाद करना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है।

#### इनका कहना है...

टीम भेजकर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**दीपक रानवे,** सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर

# छह बीघा जमीन की गलत नपती बनी मौत का कारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद तहसील के ग्राम सांगुल में जमीन की नपती में गड़बड़ी से आहत 60 वर्षीय किसान कालू जाट ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों के अनुसार हाल ही में हुई राजस्व नपती में उनकी करीब 6 बीघा जमीन पड़ोसी के खाते में दर्ज हो गई थी। जीवनभर की कमाई और एकमात्र सहारे को कागजों में गायब होता देख किसान गहरे सदमे में था। बताया जा रहा है कि घटना से एक दिन पहले वह राजस्व अधिकारियों के चक्कर काटकर लौटा था। अगले ही दिन उसने अपने खेत पर जाकर फांसी लगा ली। परिवार का आरोप है कि मानसिक आघात और प्रशासनिक उदासीनता ने उसे यह कदम उठाने पर मजबूर किया। घटना के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया। सांगुल बस स्टैंड पर शव रखकर करीब 2 घंटे तक चक्काजाम किया गया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित पटवारी और आरआई पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते शिकायत पर सुनवाई होती तो एक किसान की जान बच सकती थी। अब पूरा गांव न्याय की मांग पर अड़ा है।

मृतक के भाई सूरज सिंह जाट ने थाना प्रभारी शमशाबाद को दिए आवेदन में बताया कि तीनों भाई कालूराम जाट, रमेश कुमार जाट और सूरज सिंह जाट के हिस्से में कुल 6 बीघा जमीन है। इसमें 4 बीघा कालूराम के बेटे गजेंद्र जाट और 2 बीघा रमेश जाट के नाम दर्ज है, जिस पर वे खेती करते आ रहे थे। आरोप है कि 18 तारीख को पड़ोसी की जमीन की नपती के दौरान वीरेंद्र पटवारी ने गलत नपती कर उक्त 6 बीघा जमीन पड़ोसी किसान के हिस्से में दर्ज कर दी। शाम को कालूराम जाट जब बात करने पड़ोसी के घर पहुंचे तो गाली-गलौज हुई। घटना से आहत होकर कालूराम ने फांसी लगा ली। परिजनों ने पड़ोसी किसान सहित पटवारी वीरेंद्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पीपल्या बीजारेल में किशोर की गड्ढे में डूबने से मौत

**जीरापुर।** स्थानीय पुलिस थानांतर्गत ग्राम पीपल्या बीजारेल में एक किशोर की पानी के गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गांव के धर्मराज पिता मोहनलाल बागरी 13 वर्ष रविवार शाम को गांव में ही खुले स्थान पर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर गया। जब देर रात्रि तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि वह गड्ढे में गिर गया है। परिजन और ग्रामीण ने तत्काल उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। किषोर के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

# अज्ञात कारणों के चलते महिला की मौत, पीएम उपरांत शव दफनाया



**सारंगपुर।** रविवार को बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक अज्ञात महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार महिला बीमार अवस्था में प्रतीक्षालय में बैठी हुई थी। स्थानीय लोगों ने उसकी हालत को देखते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार शुरू किया गया। हालांकि उपचार के दौरान महिला की स्थिति बिगड़ती गई और अंततः उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने महिला के पास मिले मोबाइल फोन के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया। जांच के दौरान महिला की पहचान मीना, पिता गोकुल 40 वर्ष निवासी सेमली (नलखेड़ा) के रूप में हुई। पुलिस द्वारा मृतका के पति को सूचना दी गई, लेकिन लंबे समय तक इंतजार करने के बावजूद कोई भी परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए महिला का पोस्टमार्टम (पीएम) करवाया। पीएम के उपरांत शव को नियमानुसार दफना दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल ने किए कार्यक्रम, नपाध्यक्ष पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा अग्रवाल धर्मशाला स्थित तारा देवी हॉल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्तियों ने दीप प्रज्वलन से किया।

मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं संयोजक रितु देवलिया सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। श्री महाकाल संस्कृत पाठशाला के बटुकों ने स्वस्तिवाचन कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रोमा अधिकारी डांस ग्रुप व पूनम शर्मा डांस ग्रुप ने शास्त्रीय नृत्य और नाट्य मंचन से सभी का मन मोह लिया। महिला सशक्तीकरण आधारित नाटक एवं कामेष्टि यज्ञ की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और अक्षय मेला में लगे स्टॉलों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत बनाया।

# प्रेस एसोसिएशन के चुनाव संपन्न अंसारी निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत



**सारंगपुर।** रविवार को प्रेस एसोसिएशन सारंगपुर की बैठक स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक संगठन के संरक्षक कैलाश शर्मा एवं निवर्तमान अध्यक्ष अमित कुमार सक्सेना की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नए अध्यक्ष के चयन पर विचार-विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से संगठन के सक्रिय सदस्य इफ्तिखार अंसारी को आगामी वर्ष के लिए प्रेस एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने पूर्व अध्यक्ष अमित सक्सेना एवं सचिव शोएब हसन राही का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। वहीं नव-निर्वाचित अध्यक्ष इफ्तिखार अंसारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष इफ्तिखार अंसारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी साथियों ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा पत्रकारों के हितों की रक्षा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य सक्रिय पत्रकारों को भी सहमति के आधार पर संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार कैलाश शर्मा, अमित सक्सेना, महेश पुष्पद, शफीक अंसारी, शोएब हसन राही, नवीन रुण्डवाल,राजेश बंसल, मनोज पुष्पद एवं रविंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर बोले विहिप जिलाध्यक्ष

# हिंदुओं को अपने अंदर के परशुराम को जगाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव पर विश्व हिन्दू परिषद द्वारा स्थानीय अंजनीलाल धाम मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के साथ विविध आयोजन रखे गए। कार्यक्रम में संकल हिन्दू समाज को आमंत्रित करते हुए भगवान परशुराम के चरित्र, गुण और उनसे सीखने वाली बातों पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जिस काल में भगवान परशुराम अवतरित हुए थे, उस काल में उन्होंने समस्त अत्याचारियों का पृथ्वी से समूल विनाश कर दिया था। इसी प्रकार आज हिंदू समाज को संगठित होकर अपने अंदर के परशुराम को जागना होगा। उन्होंने कहा कि समाज को विपदा में डालने वाले, समाज पर प्रहार करने वाले विभिन्न समुदायों को पहचानकर उन पर कड़ा प्रभार करना आज नितांत आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम उपरान्त मंदिर में महाआरती की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र जोशी काका, अध्यक्ष पीयूष दुबे, ब्रह्माकुमारी संस्था प्रमुख सुरेखा दीदी, विहिप जिला मंत्री मयंक जायसवाल, सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख संतोष कटारे, नगर मंत्री लोकेश शर्मा, समाजसेवी हेमंत जोशी सहित अनेकों महिला-पुरुष उपस्थित थे।



#### पंचकुंडीय यज्ञ का किया आयोजन

परशुराम जयंती के अवसर पर स्थानीय शिवजी की छतरी के समीप स्थित यज्ञ स्थल पर पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन विप्रजनों द्वारा किया गया। इस दौरान समाजजनों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना करते हुए यज्ञवेदी में आहुतियां डालीं। इस अवसर पर अजय शर्मा, ओपी शर्मा, सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर पुरुषोत्तम शर्मा, हरीश व्यास, प्रेमनारायण शर्मा, आनंद शर्मा, मनोज दवे, आलोक तिवारी सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।